# वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

**प्राचार्य / प्राचार्या**

सभी अंगीभूत एवं संबंध महाविद्यालय,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

**स्नातक भाग–I सत्र–2020–23 नामांकन हेतू अतिआवश्क दिशा–निर्देश**

**क. नामांकन के समय विद्यार्थी के द्वारा Follow कि जाने वाली प्रक्रियाः**

1. कोविड़–19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विद्यार्थियों को नामांकन लेने के लिए महाविद्यालयों में जाने के लिए कोई आवश्यकता नहीं है। वें घर बैठें अपना नामांकन Online माध्यम से मेरिट लिस्ट के आधार करा सकते हैं।

2. विद्यार्थी नामांकन लेने से पूर्व दिये गये दिशा–निर्देश को ध्यानपूर्वक पढ़ें। नामांकन की प्रक्रिया पुरे तरिके से Computerized है एवं इसमें गलती की कोई गुजांइस नहीं है। अतः विद्यार्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे प्रत्येक Entry को ध्यानपूर्वक भरें क्योंकि यह उनके जीवन का अति महत्वपूर्ण विषय है।

3. विद्यार्थी का नामांकन औपबंधिक (Provisional) होगा। महाविद्यालय के द्वारा विद्यार्थी के Documents के जाँचोपरांत ही उनका नामांकन महाविद्यालय द्वारा Final किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों को महाविद्यालय समय देगा एवं उस अवधि में विद्यार्थियों को अपना नामांकन संबधित Documents महाविद्यालय में जामा करना होगा। अभी तत्काल कोई भी विद्यार्थी महाविद्यालय में नामांकन के समय कोई भी Documents जामा नही करेगा।

4. किसी भी प्रकार की गलती, अंक–पत्र की हेरा–फेरी या किसी भी प्रकार की गलत सूचना के आधार पर अगर विद्यार्थी Online Admission लेता है तो महाविद्यालय या विश्वविद्यालय उसके नामांकन को रदद् कर देगा एवं वैसे विद्यार्थियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कारवाई की जाएगी।

5. विश्वविद्यालय द्वारा मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद सबसे पहले विद्यार्थी अपने Log-In एवं Password के मदद से अपना मेरिट देख सकता है।

6. मेरिट में विद्यार्थी यह जाँच करेगा कि उसका नाम नामांकन हेतू किस–किस माहविद्यालय में एवं किस–किस (Honours) विषय में चयनित हुआ है।

7. मेरिट लिस्ट के आधार पर जिस महाविद्यालय में विद्यार्थी प्रवेश लेना चाहता है उस महाविद्यालय का फीस का विवरण जाति के आधार पर विषयवार दिया गया है। अपनी जाति के आधार पर विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से फीस जामा कर देगा। फीस जामा करने के बाद विद्यार्थी को एक UTR/Reference Number मिल जाएगा जो स्क्रीन पर दिखाई देगा। फीस जामा करने के बाद विद्यार्थी को वहीं पर तीन विकल्प भरने के लिए दिये गये हैं जिसमें विद्यार्थी 1. UTR/Reference Number, 2. फीस जामा करने की तरिख एवं 3. फीस के रूप मे जामा की गई राशि का विवरण भरेगा।

8. इसके बाद विद्यार्थी को उस महाविद्यालय में उपलब्ध उसे सहायक विषय एवं रचना यानी Composition का विषय भरना होगा।

9. इसके बाद विद्यार्थी को एक मेसेज दिखाई देगा जिसमें लिखा होगा Waiting For Confirmation.

10. जिन महाविद्यालयों ने अपने पैनल से किसी श्रेणी में ''-1'' डाला था जिसका आशय शुल्क माफी (अथवा फीस इग्ज़ेम्प्ट) था, उनके अभ्यर्थियों को भुगतान करते समय धनराशि में शून्य एवं Remarks में Fee Exempted दिखलाया जाएगा। अभ्यर्थी को केवल अपने प्रवेश विषय का चुनाव करना है।

**ख. नामांकन के समय महाविद्यालयों द्वारा Follow की जानेवाली प्रक्रियाः**

1. महाविद्यालय अपने Log-In से मेरिट स्टे्टस मे जाकर यह जॉच करेंगें कि विद्यार्थी ने नामांकन के लिए फीस जामा किया है या नही।

2. महाविद्यालय मेरिट के बगल में मेरिट फीस स्टे्टस दिया गया है जहां पर महाविद्यालय अपने बैंक स्टे्टमेंट एवं मेरिट फीस स्टे्टस जो विश्वविद्यालय के द्वारा जारी किया गया होगा एवं UTR/Reference Number की मदद से यह चेक करेंगें कि विद्यार्थी का फीस महाविद्यालय के खाते में आया है अथवा नही आया है।

3. विद्यार्थी के नामांकन को Confirm करने के लिए महाविद्यालय को Admit नाम से एक ऑपसन दिया गया है उस ऑपसन पर क्लीक करके महाविद्यालय उस विद्यार्थी के नामांकन को Confirm करेंगें।

# वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

4. महाविद्यालय के द्वारा Admit पर क्लीक करने के बाद विद्यार्थी के URN Number की मदद् से विद्यार्थी का पूरा विवरण एवं विवरण का जॉच करने के बाद Admission को महाविद्यालय Confirm करेगा।

5. महाविद्यालय दिये गए विकल्प में विद्यार्थी का महाविद्यालय रौल नम्बर भरेंगें।

6. महाविद्यालय के द्वारा Admission Confirm करने के बाद विद्यार्थी के पास Admission Confirm का एक मेसेज जाएगा और उसके बाद विद्यार्थी PDF File में अपने नामांकन की जांच कर सकता है। इसके बाद विद्यार्थी के Log-In के मेरिट स्टेट्स में जहां पर Waiting For Confirmation दिखाई पड़ रहा था वहां पर Admitted दिखाई देगा।

7. यह पक्रिया पुरी तरह से Computerized है। महाविद्यालयों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने यहां उस बैंक खाता का Online Banking अतिआवश्यक जिस खाते में नामांकन के समय विद्यार्थी Online माध्यम से फीस जामा करेगा।

8. महाविद्यालयों को यह सलाह दी जाती है कि वे हर हालत में विद्यार्थी का नामांकन स्टे्टस प्रत्येक दिन Confirm करेंगें एवं मेरिट लिस्ट कि अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद महाविद्यालय किसी भी परस्थिति में विद्यार्थी का नामांकन Confirm नही कर सकते है न हीं वे किसी प्रकार का कोई लिस्ट Confirm करने के लिए विश्वविद्यालय को भेज सकतें हैं। विद्यार्थी का नामांकन Confirm करने का अधिकार केवल महाविद्यालय को है महाविद्यालय इसे अति गंभीरता से लेगें क्योंकि Computerized एवं Online Admission में देरी एवं गलतियों को सुधारने का कोई विकल्प नहीं होता है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न मेरिट लिस्ट जारी करने की प्रक्रिया पुरी तरीके से महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थी का नामांकन Confirm करने के उपर निर्भर है।

9. पूरी नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् महाविद्यालय एक निश्चित अवधि में विद्यार्थीयों द्वारा उनके नामांकन संबंधित सभी कागजातों को अपने यहां जामा कराएगें एवं गहराई से जॉच कराने के उपरान्त ही विद्यार्थी के नामांकन को Final कर विश्वविद्यालय में पंजीकरण निर्गत करने हेतू जामा करेंगें।

10. विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी स्नात्तक नियम–परिनियम के आधार पर ही विद्यार्थियों का नामांकन महाविद्यालय Final करेंगें।

11. विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा जो खाता संख्या जिसमें विद्यार्थी नामांकन के समय ऑनलाइन माध्यम से फीस जमा करेंगें एवं जो फीस पोर्टल पर भरा गया है उसकी सारी जवाबदेही महाविद्यालयों की होगी।

12. जिन महाविद्यालयों ने अपने पैनल से किसी श्रेणी में ''-1'' डाला था जिसका आशय शुल्क माफी (अथवा फीस इग्ज़ेम्प्ट) था, उनके अभ्यर्थियों को भुगतान करते समय धनराशि में शून्य एवं Remarks में Fee Exempted दिखलाया जाएगा। अभ्यर्थी को केवल अपने प्रवेश विषय का चुनाव करना है।

**ग. विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन के समय एवं नामांकन के बाद Follow की जाने वाली प्रक्रियाः**

1. विश्वविद्यालय नियमित अंतराल पर मेरिट लिस्ट जारी करेगा।

2. नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद महाविद्यालयों द्वारा नामांकित विद्यार्थियों की संख्या, सूची, पुरा विवरण एवं पंजीकरण शुल्क जामा करने के पश्चात् विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का पंजीकरण–प्रपत्र महाविद्यालयों के लिए उपलब्ध कर देगा।

Krishna
4.08.2020

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।